एफ.संख्या 18-06/सा.प्र./2020-एफएसएसएआई

भारतीय खाद्य सुरक्षाऔर मानक प्राधिकरण

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

तृतीय तल, एफडीए भवन, कोटला रोड,

नई दिल्ली – 110002

दिनांक 6 नवम्बर, 2020

निविदा सूचना

द्वितीय तल पर स्थित सेंट्रल डॉक्यूमेंटेशन काम्पलेक्स बिल्डिंग, राजाजी सलाई, चैन्नई में संपूर्ण आंतरिक भागों सहित कार्यालय के सुसज्जित स्वरुप के निर्माण, फर्नीचर और फिक्सचर, वातानुकूलित प्रणाली, सिविल और अन्य विविध निर्माण कार्यों के लिए बोलियों का आमंत्रण

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफ.एस.एस.ए.आई.) द्वारा राजाजी सलाई, चैन्नई स्थित सेंट्रल डॉक्यूमेंटेशन काम्पलेक्स बिल्डिंग के द्वितीय तल पर स्थित कार्यालय में आंतरिक निर्माण, कस्टोमाइज्ड फर्नीचर और फिक्सचर, वातानुकूलित प्रणालियों की संस्थापना और अन्य सिविल एवं विविध निर्माण कार्यों सहित नवीकरण कार्य करने के लिए इस आरएफपी के **भाग-II** में दिए गए ब्यौरे के अनुसार विख्यात और अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबंद बोलियां आमंत्रित की जाती हैं।

02. बोलियां दो भागों अर्थात तकनीकी और वाणिज्यिक / मूल्य बोली में प्रस्तुत की जाएंगी। तकनीकी बोली में ई.एम.डी., सभी नियम एवं शर्तें स्वीकार करने से संबंधित घोषणा, अर्हता दस्तावेज, निविदा दस्तावेज की लागत और मूल्य बोली का उल्लेख होगा जोकि इस आरएफपी के साथ संलग्न अनुबंध-5 में निर्धारित प्रारुप के अनुसार होगा। बोली के अवैध घोषित होने से बचने के लिए कृपया उपर्युक्त शीर्षक, आरएफपी संख्या और बोलियों के खुलने की तारीख मुहरबंद लिफाफे के ऊपर लिखें।

03. निविदा दस्तावेज (अहस्तांतरणीय), जिसमें विस्तृत विशिष्टियां, नियम एवं शर्तों का उल्लेख है, को सामान्य प्रशासन प्रभाग, एफ.एस.एस.ए.आई., तृतीय तल, एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली से *वरिष्ठ लेखा अधिकारी,एफ.एस.एस.ए.आई.*, नई दिल्ली के पक्ष में किसी भी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित वाणिज्य बैंक के नाम निविदा की लागत के प्रति 100/- (अप्रत्यर्पणीय) के डिमांड ड्राफ्ट / भुगतान आदेश के रुप में अथवा नकद भुगतान के द्वारा प्राप्त किया जा सकता। दूसरे विकल्प के रुप में,निविदा दस्तावेज की लागत और बोली के प्रस्तुतिकरण की लागत, जैसाकि ऊपर उल्लेख किया गया है, के प्रति भुगतान करके निविदा दस्तावेज को एफएसएसएआई की वैबसाइट **www.fssai.gov.in और/अथवा सीपीपी पोर्टल www.eprocure.gov.in/epublish/app**से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

04. उपयुक्त रुप से भरे हुए निविदा दस्तावेज संबंधित सहायक दस्तावेज के साथ 2 दिसंबर **2020 को पूर्वाह्न 1100 बजे तक अथवा उससे पहले** प्रस्तुत किए जाएं और इन्हें सहायक निदेशक (सामान्य प्रशासन), एफएसएसएआई, तृतीय तल, एफडीए भवन, कोटला रोड,नई दिल्ली-110002 को संबोधित करें और उसके साथ बयाना राशि जमा (ईएमडी) के रुप में 11,50,000/-रुपए (मात्र ग्यारह लाख पचास हजार रुपए) (बिना ब्याज के) के लिए डिमांड ड्राफ्ट / भुगतान आदेश के साथ संलग्न करें। ईएमडी के प्रति यह डिमांड ड्राफ्ट/भुगतान आदेश वरिष्ठ लेखा अधिकारी, एफएसएसएआई के पक्ष में बनाया जाए जोकि भुगतान के लिए दिल्ली/नई दिल्ली में देय होगा। कृपया यह ध्यान रखें कि बोलीदाता, जो वैध एमएसई पंजीकरण धारक हैं अथवा केन्द्रीय क्रय संगठन अथवा संबंधित मंत्रालय अथवा विभाग में पंजीकृत हैं, वे ही ईएमडी का भुगतान करने से छूट प्राप्त हैं।

05. **पत्राचार का पता :** सहायक निदेशक (सामान्य प्रशासन),भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफ.एस.एस.ए.आई.), तृतीय तल, एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली-110002.

सहायक निदेशक(सामान्य प्रशासन)
भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण